समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# शादी के बंधन मे बंधने जा रही है 'रॉकेट सिंह' फेम शाज़ान पदमसी, बिज़नेसमैन आशीष कनकिया संग 5 जून को लेगें सात फेरे।

Publisher

Published on 14 May 2025



## "शाज़ान पदमसी और आशीष कनकिया की शादी : परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी मे हंोगी लो-की सेरेमनी"

**मुंबई(बॉलीवुड गपशप): बॉलीवुड अभिनेत्री** और **मॉडल शाज़ान पदमसी** जल्द ही अपनी ज़िंदगी की नई शुरुआत करने जा रही हैं। '**रॉकेट सिंह : सेल्समैन ऑफ द ईयर**' और '**दिल तो बच्चा है जी**' जैसी फिल्मों में नज़र आ चुकी **शाज़ान 5 जून 2025** को **बिज़नेसमैन आशीष कनकिया** के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। यह शादी एक प्राइवेट लेकिन एलिगेंट सेरेमनी होगी, जो मुंबई के एक फाइव-स्टार होटल में आयोजित की जाएगी।

**लो-की सेरेमनी, लेकिन जश्न मे नंहीं होगी कोई कमी**

सूत्रों के अनुसार, शादी समारोह बेहद निजी होगा जिसमें केवल परिवार के सदस्य और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के दो दिन बाद यानी **7 जून** को उसी होटल में एक **शानदार संगीत** और **आफ्टर-पार्टी** का आयोजन किया जाएगा, जिसमें **फिल्म इंडस्ट्री** और **बिज़नेस** जगत से जुड़ी कई नामचीन हस्तियों के शामिल होने की संभावना है।

**नवंबर मे हुंई थी सगाई, जनवरी मे पारंपरिक रोका**

**शाज़ान पदमसी, वेटरन थियेटर आर्टिस्ट एल्युक पदमसी** और **सिंगर-एक्ट्रेस शैरोन प्रभाकर** की बेटी हैं। उन्होंने पिछले साल नवंबर में **आशीष कनकिया** से सगाई की थी। इसके बाद **20 जनवरी 2025** को एक पारंपरिक गुजराती अंदाज़ में रोका सेरेमनी भी संपन्न हुई, जिसकी झलक शाज़ान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थी। समारोह में दोनों परिवारों की उपस्थिति ने

इस रिश्ते को और भी खास बना दिया।

ऐसे हुई थी दोनों की मुलाकात, पहली डेट के बाद शुरू हुई लव स्टोरी
एक पुराने इंटरव्यू में शाज़ान ने बताया था कि उनकी मुलाकात आशीष से एक बचपन के दोस्त के ज़रिए हुई थी। पहली ही मुलाकात में दोनों के बीच एक खास कनेक्शन महसूस हुआ। कुछ महीनों बाद दोनों ने डिनर डेट की और फिर डेटिंग का सिलसिला शुरू हो गया। शाज़ान ने आशीष के बारे में कहा था, "उसका मज़ेदार और चुलबुला स्वभाव मुझे बहुत भाता है। वो बेहद केयरिंग और गर्मजोशी से भरा इंसान है।"

**फिल्मी करियर और निजी जीवन मे संतुलन बनाने की तैयारी**

जहां एक ओर **शाज़ान पदमसी** अपने निजी जीवन में इस नए अध्याय की शुरुआत करने जा रही हैं, वहीं उनके फैन्स को उम्मीद है कि वे जल्द ही फिल्मों या **ओटीटी प्रोजेक्ट्स** में भी वापसी करेंगी। उनके इस खास दिन को लेकर फैन्स और इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

शादी की तैयारियों की गूंज सोशल मीडिया पर भी तेज़ हो गई है, और फैंस इस रॉयल शादी की झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.